*This question paper contains 8 printed pages.]*

**9810**

*Your Roll No. .......................*
*आपका अनुक्रमांक .......................*

# B.El. Ed. B

## Paper P-2.1

## LANGUAGE ACROSS THE CURRICULUM

*Time : 2 Hours* *Maximum Marks : 35*

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)*

***Note :*** *Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

***टिप्पणी :*** *इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।*

*Attempt **four** questions in all. **One** question from Part I and **three** qustions from Part II*

भाग I से **एक** और भाग II से **तीन** प्रश्न चुनते हुए कुल **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

[P.T.O.

## Part – I

## भाग – I

1. "न पर ई की मात्रा नी
म खाली
क पर आ की मात्रा का
प पर ए की मात्रा पे
ड़ खाली ..... नीम ... का ... पेड़"

Rani reads the title of a chapter in this way.

एक पाठ के शीर्षक को रानी उपरोक्त तरीके से पढ़ती है।

(a) According to you, which approach has been used by her teacher to teach her 'reading'? Do you think that she can become a 'good reader' through this approach ? Why or why not ? 4

आपके अनुसार उसकी अध्यापिका के द्वारा किस पद्धति से उसे 'पढ़ना' सिखाया गया है ? क्या इस पद्धति से वह एक अच्छी पाठक बन सकती है ? क्यों या क्यों नहीं ?

(b) If you have to teach Rani, then how would you like to teach her 'Reading' ? 4

अगर आप रानी को 'पढ़ना' सिखाना चाहें तो किस पद्धति का प्रयोग करेंगी ?

**2.** I. 'आदर्श विद्यार्थी विनम्र, आज्ञाकारी, गुरुभक्त, अनुशासनप्रिय, अध्ययनशील, सत्यप्रिय तथा सदाचारी होता है।'

(बबीता, कक्षा IV)

II. 'मेरे दोस्त का नाम गुरजीत है पर मैं उसे प्यार से के.पी. बुलाता हूँ। गुरजीत न ज्यादा मोटा है, न पतला। वो लंच में चाहे अच्छी चीज लाये या गंदी, मुझसे कुछ नहीं छिपाता।'

(सौरभ, कक्षा IV)

The above given passages are taken from the notebooks of two IV standard children.

उपरोक्त लेख चौथी कक्षा में पढ़ने वाले दो छात्रों की पुस्तिका से लिये गये हैं।

(a) What do you think about the quality of these two writing pieces ? 4

आप इन दो लेखों की गुणवत्ता के विषय में क्या सोचते हैं ?

(b) Which type of writing would you like to encourage in your primary classrooms and how ? 4

अपनी प्राथमिक कक्षा में आप किस प्रकार के लेखन को प्रोत्साहन देंगी और कैसे ?

3. Shalini has to teach the Panchatantra story 'Monkey and the Crocodile' to her IV standard students. She plans to teach the chapter in the following way :

- One by one reading of the chapter
- Underlining difficult words and explaining their meaning
- Writing word-meaning
- Writing Q – Ans.

शालिनी अपनी चौथी कक्षा के छात्रों को पंचतंत्र से 'बंदर और मगरमच्छ' की कहानी पढ़ाना चाहती है। वह निम्नलिखित तरीके से अपनी पाठ-योजना बनाती है :

- एक-एक करके पाठ पढ़ना।
- कठिन शब्दों को रेखांकित करना व अर्थ को विस्तारपूर्वक समझाना।
- शब्द-अर्थ लिखना।
- प्रश्न-उत्तर लिखना।

(a) What do you think about Shalini's plan of teaching literature ? Is it appropriate or not ? Give reasons for your answer. 4

आप शालिनी की साहित्य पढ़ाने की पाठ-योजना के बारे में क्या सोचते हैं ? क्या ये उचित है या नहीं ? अपने उत्तर के लिए तर्क दें।

(b) How will you teach this story or any other Panchatantra story to your IV grade students ? 4

आप यह कहानी या पंचतंत्र की कोई और कहानी अपने चौथी कक्षा के छात्रों को कैसे पढ़ायेंगी ?

## Part – II

## भाग – II

**4.** (a) What do you understand by 'Schema Theory'? How does Schema help in comprehension ? 4

आप स्कीमा सिद्धान्त से क्या समझते हैं ? पाठ-वस्तु के बोध में स्कीमा किस प्रकार सहायता करता है ?

(b) How will you activate schema of your III standard students for the following topics: 5

- Games
- Magic

आप निम्नलिखित विषयों पर अपनी तीसरी कक्षा के छात्रों का स्कीमा कैसे क्रियाशील करेंगी :

- खेल
- जादू

**5.** Children use oral language for a variety of functions and purposes.

बच्चे मौखिक भाषा का प्रयोग विभिन्न कार्यों व उद्देश्यों के लिए करते हैं।

(a) Discuss any three functions for which children use language in their daily life. 3

किन्हीं तीन उद्देश्यों की चर्चा कीजिए जिनके लिए बच्चे रोजमर्रा की जिन्दगी में भाषा का इस्तेमाल करते हैं।

(b) As a teacher, how will you enable your students to use those three functions of language ? 6

एक अध्यापिका के रूप में आप अपने छात्रों को इन तीन उद्देश्यों का प्रयोग करने के लिए कैसे मदद करेंगी ?

**6.** (a) Do you think that 'talk' is used as a valuable resource in our Indian classrooms ? Discuss your observation. 3

क्या आपको लगता है कि भारतीय कक्षाओं में 'बातचीत' को एक मूल्यवान संसाधन के रूप में उपयोग किया जाता है ? अपने अनुभव की चर्चा करें।

(b) As a teacher, how will you use children's talk as a resource in the classroom ? Give suitable examples. 6

एक अध्यापिका के रूप में आप बच्चों की 'बातचीत' को कक्षा में एक संसाधन के रूप में कैसे प्रयोग करेंगी ? उपयुक्त उदाहरण दीजिए।

7. Read the following extract from a Hindi Primer :

हिन्दी भाषा प्रवेशिका से निम्नलिखित उद्धरण को पढ़े :

'ढोल बजा, शोर मचा।
चोर खड़ा, मोर चला॥'

Do you think this text is appropriate for early reading ? Give reasons for your answer. 9

क्या आपको लगता है कि ये उद्धरण प्रारम्भिक पठन के लिए उपयुक्त है ? अपने उत्तर के लिए तर्क दें।

8. Read the following conversation between II grade student Neetu (who has recently joined from a rural area) and her teacher. Neetu has taken admission in a government school in New Delhi.

हाल ही में एक ग्रामीण क्षेत्र से आयी कक्षा दो की छात्रा नीतू एवं उसकी अध्यापिका के बीच हुए निम्नलिखित वार्तालाप को पढ़ें। नीतू ने नयी दिल्ली में स्थित एक सरकारी विद्यालय में प्रवेश लिया है।

नीतू - मैम जी, कल मैं और सालिनी बाजार....

अध्यापिका - तुम और सालिनी नहीं, 'शालिनी'

नीतू - हाँ जी, सालिनी

अध्यापिका - अरे सालिनी नहीं, शालिनी। 'श' बोलो 'श'

नीतू (डरते हुए) - 'स'

अध्यापिका - अगर तुम इतना नहीं बोल सकती, तो जिन्दगी में कुछ नहीं सीख सकती। गाँव की

भाषा छोड़ो और पढ़े-लिखों की भाषा सीखो।

(a) Do you think that such interaction will encourage Neetu further to share her experiences with her class teacher ? Why or why not ? 5

क्या आपको लगता है कि इस तरह की बातचीत से नीतू को भविष्य में अपनी कक्षा अध्यापिका से अपने अनुभव बाँटने का प्रोत्साहन मिलेगा ? क्यों या क्यों नहीं ?

(b) What can be done to improve this situation ? 4

इस स्थिति में सुधार के लिए क्या उपाय किये जा सकते हैं ?